अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

20 MARCH 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS & other civil services exams




Sunil Lawania
(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित हवा वाली राजधानी**



- भारत 2023 में तीसरा सबसे प्रदूषित हवा वाला देश रहा।
- स्विस ऑर्गेनाइजेशन IQ एयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, बांग्लादेश दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाला देश रहा।
- 134 देशों की इस लिस्ट में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर है।
- भारत में 96% लोग 7 गुना खराब हवा में सांस ले रहे
- रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 1.33 अरब यानी 96% लोग ऐसी हवा में रहते हैं, जिसमें PM 2.5 का स्तर WHO के एनुअल स्टैंडर्ड से 7 गुना ज्यादा है।
- वहीं देश के 66% शहरों में एनुअल PM 2.5 का स्तर 35 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ज्यादा रहा।

दैनिक भास्कर **5 सबसे खराब हवा वाले देश**

| देश | PM 2.5 का स्तर | WHO स्टैंडर्ड से कितना ज्यादा |
|---|---|---|
| बांग्लादेश | 79.9 माइक्रोग्राम | 15 गुना ज्यादा |
| पाकिस्तान | 73.7 माइक्रोग्राम | 14 गुना ज्यादा |
| भारत | 54.4 माइक्रोग्राम | 10 गुना ज्यादा |
| तजीकिस्तान | 49 माइक्रोग्राम | 9 गुना ज्यादा |
| बुर्कीना फासो | 46.6 माइक्रोग्राम | 8 गुना ज्यादा |

2. **तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने पद से इस्तीफा दे दिया**




- तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने पद से इस्तीफा दे दिया है
- उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है
- वे 8 सितंबर 2019 से राज्यपाल और उपराज्यपाल पद पर थीं
- **राज्यपाल से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य-**
- अनुच्छेद 153 के अनुसार प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल होगा
- उसे दो या दो से अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया जा सकता है
- राज्यपाल, राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है
- राज्यपाल के कार्यालय का कार्यकाल सामान्य रूप से 5 वर्ष का होता है लेकिन अवधि से पहले समाप्त किया जा सकता है

3. **हिमाचल प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा 'मिशन 414' अभियान शुरू किया**




- हिमाचल प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा 'मिशन 414' अभियान शुरू किया गया है।
- अभियान का मुख्य उद्देश्य उन 414 मतदान केंद्रों पर अधिकतम मतदान करना है, जहां पिछले लोकसभा चुनाव में 60% से कम मतदान हुआ था।
- भावी मतदाताओं को बच्चों द्वारा बनाए गए विशेष निमंत्रण कार्ड दिए जाएंगे।
- 2019 के लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश में औसत मतदान 72.42% था।
- हिमाचल प्रदेश में, 1,38,918 पहली बार मतदाता चार लोकसभा सीटों हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और शिमला (एससी) के लिए अपना वोट डालेंगे।
- लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों की खर्च सीमा 95 लाख रुपये होगी।
- लाहौल और स्पीति में 15,256 फीट की ऊंचाई पर स्थित ताशीगांग मतदान केंद्र भारत का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है।

4. **भारत और यूएसए के बीच साथ एक्सरसाइज 'टाइगर ट्राइंफ़–24' का आयोजन हो रहा है**



- भारत और अमरीका के बीच अभ्यास 'टाइगर ट्रायम्फ - 24' का आयोजन किया जा रहा है। 'टाइगर ट्रायम्फ - 24' का आयोजन 18 से 31 मार्च तक पूर्वी समुद्र तट पर किया जा रहा है।
- टाइगर ट्रायम्फ - 24', भारत-अमेरीका के बीच स्थापित भागीदारी के अनुरूप है। यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) सैन्य अभ्यास है।
- भारतीय नौसेना अभिन्न हेलीकॉप्टर और लैंडिंग क्राफ्ट के साथ जहाज, भारतीय नौसेना के विमान, भारतीय थलसेना के जवान और वाहन तथा भारतीय वायुसेना के विमान और हेलीकॉप्टर के साथ-साथ रैपिड एक्शन मेडिकल टीम (आरएएमटी) इस सैन्य अभ्यास में भाग लेंगे।
- अमेरीका का प्रतिनिधित्व अमेरिकी नौसेना के जहाजों द्वारा किया जा रहा है। इसमें अमेरीकी मरीन कोर और अमेरीकी थल सेना के सैनिक शामिल होंगे।

5. **'इंटरनेशनल क्लाइंट डे' : 19 मार्च**




- वैश्विक व्यापार समुदाय हर साल 19 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक दिवस मनाता है।
- जैसा कि नाम से पता चलता है, इस विशेष अनौपचारिक अवकाश पर यह सब ग्राहक के बारे में है।
- दुनिया भर के विभिन्न संगठन अपने ग्राहकों, आगंतुकों, साझेदारों और यहां तक कि ऑनलाइन शॉपर्स को धन्यवाद देने और बधाई देने के लिए समय निकालते हैं - मूल रूप से कोई भी जिसे 'ग्राहक' का लेबल दिया जा सकता है।

6. **उत्तर प्रदेश पुलिस अब अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म त्रिनेत्र ऐप 2.0 का उपयोग करेगी**



- उत्तर प्रदेश पुलिस अब अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म त्रिनेत्र ऐप 2.0 का उपयोग करेगी, जो अपराध की रोकथाम और जांच में मदद के लिए तैयार किया गया है.
- यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के साथ डीजीपी मुख्यालय में ऐप लॉन्च किया.

7. **याउंडे डिक्लेरेशन मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ**




- हाल ही में, याउंडे डिक्लेरेशन (Yaounde Declaration) मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है.
- इसके तहत 11 अफ्रीकी देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों ने मलेरिया से होने वाली मौतों को समाप्त करने का संकल्प लिया.
- इस डिक्लेरेशन का उद्देश्य स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, कर्मियों की क्षमता का विस्तार करना और कार्यक्रम कार्यान्वयन को बढ़ाना है.
- याउंडे अफ्रीकी देश कैमरून की राजधानी है.

8. **केंद्रीय मंत्री ने जनजातीय संस्कृति केंद्र का शिलान्यास किया**




- हाल ही में केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री; कृषि एवं किसान कल्याण अर्जुन मुंडा ने वर्चुअल माध्यम से झारखंड के सरायकेला खरसावां ज़िले में 'जनजातीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन केंद्र' की आधारशिला रखी।
- यह संग्रहालय झारखंड राज्य में आदिवासी समुदाय की समृद्ध विरासत को चित्रित करने और संरक्षित करने का एक प्रयास है, साथ ही समृद्ध आदिवासी जीवन शैली एवं संस्कृति को प्रदर्शित करता है।
- केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने केंद्र की स्थापना हेतु 10 करोड़ रुपए का बजट आवंटित करके इस पहल को स्वीकृति दे दी है।
- इस केंद्र को भविष्य में एक जीवंत केंद्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है, जिसमें कारीगरों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और पर्यटन के केंद्र के रूप में कार्य करने के लिये जगह मिलेगी।
- यह क्षेत्र की भौतिक और अमूर्त जनजातीय संस्कृति, इसके इतिहास एवं विरासत का प्रदर्शन करेगा।

**9. डीएचएल कनेक्टेडनेस इंडेक्स पर भारत 62वें स्थान पर**



- डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस इंडेक्स पर भारत की स्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।
- 2022 में 67वें स्थान से, भारत 2023 में 62वें स्थान पर पहुंच गया है, जो वैश्वीकरण के क्षेत्र में इसके बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है।
- भारत 2023 के लिए डीएचएल कनेक्टेडनेस इंडेक्स में 62वें स्थान पर पहुंच गया, जो 2022 में इसके 67वें स्थान से एक महत्वपूर्ण सुधार है।
- यह उर्ध्वगामी प्रक्षेपवक्र वैश्विक व्यापार, पूंजी प्रवाह, सूचना विनिमय और लोगों की आवाजाही में भारत के बढ़ते एकीकरण को रेखांकित करता है।

**10. वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह पर एक 'विशाल' ज्वालामुखी की खोज की है।**




- 'नोक्टिस ज्वालामुखी' नाम का यह विशाल ज्वालामुखी 29,600 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और लगभग 450 किलोमीटर चौड़ाई में फैला हुआ है।
- ज्वालामुखी का स्थान मंगल ग्रह के भूमध्य रेखा के ठीक दक्षिण में, पूर्वी नोक्टिस लेबिरिंथस में, वैलेस मेरिनेरिस के पश्चिम में, ग्रह के विशाल घाटी प्रणाली में है।
- इस खोज को करने के लिए नासा के मेरिनर 9, वाइकिंग ऑर्बिटर 1 और 2, मार्स ग्लोबल सर्वेयर, मार्स ओडिसी और मार्स रिकोनिसेंस ऑर्बिटर सहित कई मिशनों के डेटा का उपयोग किया गया है।
- ईएसए की यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का मार्स एक्सप्रेस मिशन भी इसी प्रयास का एक हिस्सा था।
- इसके विशाल आकार और जटिल ज्वालामुखीय इतिहास को देखते हुए, ऐसा माना जाता है कि नोक्टिस ज्वालामुखी प्राचीन काल से लेकर अपेक्षाकृत हाल तक सक्रिय रहा है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **IQ एयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2023 के मुताबिक भारत 2023 में प्रदूषित हवा वाला देश में किस स्थान पर रहा?**
   (a) पहला
   (b) दूसरा
   (c) तीसरा
   (d) पांचवां
2. **तमिलिसाई सौंदरराजन किस राज्य की राज्यपाल थी जिन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है?**
   (a) त्रिपुरा
   (b) तेलंगाना
   (c) नगालैंड
   (d) मणिपुर
3. **किस राज्य सरकार ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा 'मिशन 414' अभियान शुरू किया गया है?**
   (a) तमिलनाडु
   (b) तेलंगाना
   (c) हिमाचल प्रदेश
   (d) कर्नाटक
4. **भारत किस देश के साथ एक्सरसाइज 'टाइगर ट्राइंफ़–24' का आयोजन कर रहा है?**
   (a) फ्रांस
   (b) जर्मनी
   (c) यूएसए
   (d) कनाडा
5. **हाल ही में 'इंटरनेशनल क्लाइंट डे' कब मनाया गया है ?**
   (a) 16 मार्च
   (b) 17 मार्च
   (c) 18 मार्च
   (d) 19 मार्च
6. **हाल ही में डिजिटल प्लेटफॉर्म 'त्रिनेत्र' ऐप 2.0 को किस राज्य की पुलिस ने लांच किया?**
   (a) मध्य प्रदेश
   (b) असम
   (c) उत्तर प्रदेश
   (d) बिहार
7. **हाल ही में 'याउंडे डिक्लेरेशन' चर्चा में था, यह निम्न में से किससे संबंधित है?**
   (a) साइबर सुरक्षा
   (b) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
   (c) समुद्रीय सुरक्षा
   (d) मलेरिया रोग
8. **केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किस राज्य में 'जनजातीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण और संवर्धन केंद्र' की आधारशिला रखी?**
   (a) बिहार
   (b) झारखंड
   (c) असम
   (d) त्रिपुरा
9. **डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस इंडेक्स में भारत किस स्थान पर है?**
   (a) 62
   (b) 50
   (c) 36
   (d) 60
10. **हाल ही में वैज्ञानिकों ने कहाँ पर एक 'विशाल' ज्वालामुखी की खोज की है?**
   (a) पृथ्वी पर
   (b) चन्द्रमा पर
   (c) मंगल ग्रह पर
   (d) इनमे से कहीं नहीं

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (c) | (c) | (d) | (c) | (d) | (b) | (a) | (c) |